रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** एक विद्यार्थी कक्षा में पीछे बैठकर ब्लैकबोर्ड को स्पष्ट रूप से पढ़ने में कठिनाई की शिकायत करता है, लेकिन 25 cm की दूरी पर रखी किताब को बिना किसी कठिनाई के पढ़ सकता है। उसकी स्थिति के लिए कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✔ A. उसे निकट दृष्टिदोष है और उसे अवतल लेंस की आवश्यकता है
- ✗ B. उसे दूरदृष्टि दोष है और उसे उत्तल लेंस की आवश्यकता है
- ✗ C. उसे मोतियाबिंद है और सर्जरी की ज़रूरत है
- ✗ D. उसे जरादूरदृष्टि दोष है और उसे बाइफोकल चश्मे की ज़रूरत है

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी यौगिक को विलयन से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?

**Ans**
- ✗ A. यौगिक को भौतिक विधियों द्वारा पृथक किया जा सकता है, जबकि विलयन को पृथक नहीं किया जा सकता।
- ✗ B. यौगिक दो या दो से अधिक तत्वों के मिश्रण होते हैं, जबकि विलयन केवल यौगिकों के मिश्रण होते हैं।
- ✗ C. यौगिक सदैव द्रव होते हैं, लेकिन विलयन किसी भी अवस्था में हो सकते हैं।
- ✔ D. विलयन के विपरीत, यौगिक का एक निश्चित संघटन और निश्चित गुणधर्म होते हैं।

**Q.3** समान द्रव्यमान संख्या होने के बावजूद, समभारिक भिन्न रासायनिक गुण क्यों प्रदर्शित करते हैं?

**Ans**
- ✗ A. क्योंकि उनके प्रोटॉन की संख्या समान होती है
- ✗ B. क्योंकि वे आवर्त सारणी में एक ही समूह से संबंधित हैं
- ✗ C. क्योंकि उनके नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है
- ✔ D. क्योंकि उनकी परमाणु संख्या और इलेक्ट्रॉनिक विन्यास भिन्न होते हैं

**Q.4** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, कोशिका अंगक नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. माइटोकॉन्ड्रिया
- ✗ B. अंतर्द्रव्यी जालिका
- ✔ C. कोशिका द्रव्य
- ✗ D. गॉल्जी उपकरण

**Q.5** उत्तल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का आकार _________ होता है।

**Ans**
- ✔ A. हमेशा वस्तु से छोटा होता है
- ✗ B. हमेशा वस्तु के बराबर होता है
- ✗ C. वस्तु की स्थिति के आधार पर बड़ा या छोटा हो सकता है
- ✗ D. हमेशा वस्तु से बड़ा होता है

| Q.6 | निम्नलिखित में से किसमें शाखित-श्रृंखला हाइड्रोकार्बन है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रोपेन |
| | ✗ B. एथेन |
| | ✗ C. ब्यूटेन |
| | ✓ D. आइसोब्यूटेन |

| Q.7 | दाब का SI मात्रक क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ऐटमॉस्फियर (Atmosphere) |
| | ✗ B. टॉर (Torr) |
| | ✓ C. पास्कल (Pascal) |
| | ✗ D. mmHg |

| Q.8 | 5 kg द्रव्यमान का एक पिंड आरंभ में विरामावस्था में है। इस पर 4 s तक 20 N का एक नियत बल कार्य करता है। पिंड का अंतिम वेग क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 m/s |
| | ✓ B. 16 m/s |
| | ✗ C. 20 m/s |
| | ✗ D. 12 m/s |

| Q.9 | नामकरण में "पूर्वलग्न (prefix)" या "अनुलग्न (suffix)" के साथ मूल संशोधन किसका सूचक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पृष्ठ क्षेत्र की प्रकृति |
| | ✗ B. गलनांक की प्रकृति |
| | ✓ C. प्रकार्यात्मक समूह की प्रकृति |
| | ✗ D. क्वथनांक की प्रकृति |

| Q.10 | एक सर्किट आरेख में, सेल के प्रतीक को निम्नलिखित में से किसके द्वारा दर्शाया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक आयत जिसके अंदर एक विकर्ण रेखा है |
| | ✗ B. एक वृत्त जिसके अंदर एक क्रॉस है |
| | ✓ C. एक लंबी और एक छोटी रेखा एक-दूसरे के समानांतर |
| | ✗ D. दो बराबर रेखाएँ एक-दूसरे के समानांतर |

| Q.11 | हाइड्रा जैसे जीवों द्वारा किस प्रकार की कोशिकाओं का उपयोग मुकुलन प्रक्रिया में प्रजनन के लिए किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रकाशसंश्लेषी कोशिका |
| | ✓ B. पुनरुत्पादक कोशिका |
| | ✗ C. रंध्री कोशिका |
| | ✗ D. युग्मकी कोशिका |

| Q.12 | कोशिका के प्रकार और आकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लाल रक्त कोशिका (RBC), डिस्क रूपी (disc-shaped) होती है जिसमें एक केन्द्रीय गर्त होता है। |
| | ✗ B. तंत्रिका कोशिका, लम्बी और शाखित रूपी होती है। |
| | ✓ C. श्वेत रक्त कोशिका (WBC), गोल एवं स्थिर (round and fixed) रूपी होती है। |
| | ✗ D. पेशी कोशिका, तर्कुरूपी (spindle-shaped) होती है। |

| | |
|---|---|
| Q.13 | शुक्रवहा-उच्छेदन (vasectomy) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✗ A. यह गर्भाशय तक पहुँचने वाली शुक्राणु कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। |
| | ✓ B. यह शुक्र वाहिकाओं को अवरुद्ध करके शुक्राणुओं के स्राव को रोकता है। |
| | ✗ C. यह टेस्टोस्टेरॉन के उत्पादन को रोकता है। |
| | ✗ D. यह शुक्राशय (seminal vesicles) को हटा देता है। |

| | |
|---|---|
| Q.14 | जब कोई धातु किसी अधातु के साथ अभिक्रिया करती है तो किस प्रकार का आबंध बनता है? |
| Ans | ✗ A. हाइड्रोजन आबंध |
| | ✓ B. आयनी आबंध |
| | ✗ C. धात्विक आबंध |
| | ✗ D. सहसंयोजक आबंध |

| | |
|---|---|
| Q.15 | बर्फ, जल के पृष्ठ पर क्यों तैरती है? |
| Ans | ✓ A. क्योंकि बर्फ का घनत्व जल के घनत्व से कम होता है |
| | ✗ B. क्योंकि बर्फ का तापमान निम्न होता है |
| | ✗ C. क्योंकि बर्फ का भार बहुत कम होता है |
| | ✗ D. क्योंकि यह अपने भार के बराबर जल को विस्थापित करती है |

| | |
|---|---|
| Q.16 | कौन-सी धातु आयरन सल्फेट विलयन से आयरन को विस्थापित करेगी? |
| Ans | ✗ A. तांबा |
| | ✓ B. जिंक |
| | ✗ C. चाँदी |
| | ✗ D. क्रोमियम |

| | |
|---|---|
| Q.17 | जब मुख का pH स्तर _____ से नीचे चला जाता है तो दांतों का इनेमल खराब होने लगता है। |
| Ans | ✗ A. 7.5 |
| | ✗ B. 6.5 |
| | ✗ C. 4.5 |
| | ✓ D. 5.5 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा इस बात का सही कारण है कि, जब वृक्ष की शाखाओं को जोर से हिलाया जाता है तो फल वृक्ष से क्यों गिरते हैं? |
| Ans | ✗ A. फल, क्रिया-प्रतिक्रिया बलों के कारण नीचे गिरते हैं। |
| | ✓ B. फल, जड़त्व के कारण नीचे गिरते हैं। |
| | ✗ C. फल, संवेग में परिवर्तन के कारण नीचे गिरते हैं। |
| | ✗ D. फल, घर्षण बल के कारण नीचे गिरते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.19 | कौन-सी तरंग विशेषता ध्वनि की प्रबलता निर्धारित करती है? |
| Ans | ✗ A. आवृत्ति |
| | ✗ B. तरंगदैर्ध्य |
| | ✓ C. आयाम |
| | ✗ D. पिच |

| | |
|---|---|
| Q.20 | पुष्पीय पौधों के प्रजनन में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है? |
| Ans | ✓ A. परागण → निषेचन → भ्रूण → अंकुर |
| | ✗ B. निषेचन → परागण → भ्रूण → अंकुर |
| | ✗ C. परागण → निषेचन → अंकुर → भ्रूण |
| | ✗ D. भ्रूण → अंकुर → परागण → निषेचन |

| | |
|---|---|
| Q.21 | एक विद्यार्थी कहता है, "पौधों में तंत्रिका तंत्र नहीं होता, इसलिए वे किसी के भी प्रति अनुक्रिया नहीं कर सकते।" इसका सही वैज्ञानिक उत्तर क्या होगा? |
| Ans | ✗ A. पौधे भी जंतुओं की तरह तंत्रिकाओं का उपयोग करते हैं। |
| | ✓ B. पौधे हार्मोनल और विद्युत-रासायनिक संकेतों का उपयोग करके अनुक्रिया करते हैं। |
| | ✗ C. विद्यार्थी सही है; पौधे निर्जीव होते हैं। |
| | ✗ D. केवल जंतु ही अनुक्रिया दर्शा सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.22 | जब प्रतिरोधकों को श्रेणीक्रम में जोड़ा जाता है, तो सभी प्रतिरोधकों में कौन-सी राशि समान रहती है? |
| Ans | ✗ A. शक्ति |
| | ✗ B. प्रतिरोध |
| | ✓ C. धारा |
| | ✗ D. वोल्टेज |

| | |
|---|---|
| Q.23 | ऊर्जा के एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तन के दौरान, जैसे मुक्त पतन के दौरान गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा का गतिज ऊर्जा में परिवर्तित होने से, ___________। |
| Ans | ✗ A. सिद्धांत का पालन करते हुए कुल यांत्रिक ऊर्जा बढ़ती है |
| | ✗ B. नई ऊर्जा स्थिर रूप से निर्मित होती है, जो मूल स्वरूप की हानि को संतुलित करती है |
| | ✗ C. ऊर्जा धीरे-धीरे पर्यावरण में नष्ट हो जाती है, जिससे सिद्धांत का उल्लंघन होता है |
| | ✓ D. परिवर्तन से पहले और बाद में कुल ऊर्जा समान रहती है |

| | |
|---|---|
| Q.24 | स्कूल के बगीचे में, तितलियाँ अक्सर फूलों पर आती हैं जबकि गिलहरियाँ काष्ठफल (nuts) खाती हैं। ये जीव किस प्रकार के उपभोक्ता हैं? |
| Ans | ✗ A. तितलियाँ - सर्वाहारी, गिलहरी - मांसाहारी |
| | ✗ B. तितलियाँ – मांसाहारी, गिलहरी – सर्वाहारी |
| | ✓ C. तितलियाँ – शाकाहारी, गिलहरी – शाकाहारी |
| | ✗ D. तितलियाँ - परजीवी, गिलहरी - अपघटक |

| | |
|---|---|
| Q.25 | निम्नलिखित में से किस प्रकार की मानव पेशियाँ उचित रूप से अभिरंजित होने पर बारी-बारी से हल्के और गहरे बैंड प्रदर्शित करती हैं? |
| Ans | ✗ A. अनैच्छिक पेशियाँ (Involuntary muscles) |
| | ✗ B. आहार नाल की पेशियाँ (Muscles of the alimentary canal) |
| | ✗ C. अंतरंग पेशियाँ (Visceral muscles) |
| | ✓ D. कंकालीय पेशियाँ (Skeletal muscles) |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | एक कक्षा के 57 विद्यार्थियों की औसत आयु 19 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 20 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 79 |
| | ✓ B. 77 |
| | ✗ C. 71 |
| | ✗ D. 75 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | दो पूर्णांकों का योग 40 है। यदि उनके बीच अंतर 14 है, तो बड़ा पूर्णांक ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 27 |
| | ✗ B. 25 |
| | ✗ C. 33 |
| | ✗ D. 17 |

| Q.28 | दो मित्रों, गोपाल और अक्षय की मासिक आय का अनुपात 5 : 8 है और उनमें से प्रत्येक हर महीने ₹78,000 बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 4 है, तो गोपाल की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 98,500 |
| | ✓ B. 97,500 |
| | ✗ C. 96,500 |
| | ✗ D. 1,36,500 |

| Q.29 | 20 आदमी एक खेत की कटाई 18 दिनों में कर सकते हैं। यदि लक्ष्य 30 दिनों में खेत की कटाई पूरी करना है, तो कितने दिनों के बाद 9 आदमियों को काम करना बंद कर देना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $2\frac{1}{2}$ दिन |
| | ✗ B. $4\frac{1}{2}$ दिन |
| | ✓ C. $1\frac{1}{2}$ दिन |
| | ✗ D. $3\frac{1}{2}$ दिन |

| Q.30 | $\frac{1}{20}$, $\frac{11}{100}$ का कितना प्रतिशत है (अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 45.45% |
| | ✗ B. 90.91% |
| | ✗ C. 55.45% |
| | ✗ D. 60.45% |

| Q.31 | दो रेलगाड़ियों के इंजन, जो एक-दूसरे से 60 km की दूरी पर हैं, क्रमशः 16 km/hr और 29 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। कितने समय बाद वे एक-दूसरे से मिलेंगे? (मान लीजिए कि इंजन की लंबाई नगण्य है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 80 मिनट |
| | ✗ B. 86 मिनट |
| | ✗ C. 72 मिनट |
| | ✗ D. 90 मिनट |

| Q.32 | यदि $90-[36\div3+2\times(P^2-21)]\div3=\frac{70}{3}$ है, तो P का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A.<br>6 |
| | ✓ B. $\sqrt{115}$ |
| | ✗ C.<br>4 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.33 | ₹91 प्रति जोड़ी सैंडलों की दर से 600 जोड़ी सैंडलों के उस बिल का निपटान एक नकद भुगतान द्वारा किया जाना है जिस पर 25% और 25% की क्रमिक छूट प्राप्त हुई तथा नकद भुगतान पर 28% की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी, भुगतान की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹22,111 |
| | ✗ B. ₹22,101 |
| | ✓ C. ₹22,113 |
| | ✗ D. ₹22,104 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | मि.गुप्ता की वर्तमान आयु, उनकी पुत्री की वर्तमान आयु की तीन गुनी है। छह वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 5 : 2 होगा। पुत्री की वर्तमान आयु कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 22 वर्ष |
| | ✓ B. 18 वर्ष |
| | ✗ C. 24 वर्ष |
| | ✗ D. 20 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.35 | एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 1 : 2 : 3 के अनुपात में है। यदि लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई में क्रमशः 100%, 50% और 80% की वृद्धि की जाती है, तो घनाभ के आयतन में होने वाली प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 402% |
| | ✓ B. 440% |
| | ✗ C. 404% |
| | ✗ D. 450% |

| | |
|---|---|
| Q.36 | 9000 वैध मतों वाले एक मतदान केंद्र में, चार उम्मीदवार P, Q, R और S चुनाव लड़ रहे थे, और मतदान के दौरान NOTA का विकल्प भी उपलब्ध था। कुल मतों का ठीक 1% मत NOTA को गया। उम्मीदवार Q को P द्वारा प्राप्त मतों का 25% मत प्राप्त हुआ। R और S के संयुक्त मतों की कुल संख्या 5,830 थी, जो उनके बीच 3 : 2 के अनुपात में वितरित हुई। विजयी उम्मीदवार को कितने मत प्राप्त हुए? |
| Ans | ✗ A. 4398 |
| | ✗ B. 3984 |
| | ✓ C. 3498 |
| | ✗ D. 3894 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक दुकानदार ने कुछ सामान ₹2,500 में खरीदा और उसे ₹3,250 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 20% |
| | ✗ B. 40% |
| | ✗ C. 25% |
| | ✓ D. 30% |

| | |
|---|---|
| Q.38 | अम्ल और पानी के 532 लीटर विलयन में, अम्ल और पानी का अनुपात 4 : 3 है। इसमें कितने लीटर अम्ल मिलाया जाना चाहिए ताकि विलयन में अम्ल और पानी का अनुपात 8 : 4 हो जाए? |
| Ans | ✗ A. 151 |
| | ✗ B. 154 |
| | ✗ C. 153 |
| | ✓ D. 152 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | 14 cm व्यास वाले एक गोले को 4 बराबर भागों में काटा जाता है। चारों भागों का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
| Ans | ✗ A. 4408 |
| | ✗ B. 2464 |
| | ✓ C. 1232 |
| | ✗ D. 3606 |

| Q.40 | माध्य और बहुलक का गुणनफल 24 है तथा माध्यिका और माध्य का गुणनफल 32 है। यदि माध्य, माध्यिका का 3 गुना और बहुलक के वर्गों के योगफल का वर्गमूल $a \times \sqrt{b \times 11}$ है, तो $\sqrt{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 3 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.41 | वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या क्या है जिसे 4478 में इस प्रकार जोड़ा जाए कि परिणामी संख्या को 56, 80, 16 और 60 में से प्रत्येक से विभाजित करने पर शेषफल 2 बचे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 584 |
| | ✗ B. 549 |
| | ✗ C. 574 |
| | ✓ D. 564 |

| Q.42 | एक महिला 80 मिनट तक 20 m/min की चाल से और 70 मिनट तक 50 m/min की चाल से यात्रा करती है। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 34 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✗ C. 40 |
| | ✗ D. 38 |

| Q.43 | यदि $1 - \sin^2 B = K \cdot \sin^2 B$ है, तो K ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\tan^2 B$ |
| | ✗ B. $\sec^2 B$ |
| | ✓ C. $\cot^2 B$ |
| | ✗ D. $\mathrm{cosec}^2 B$ |

| Q.44 | △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 71° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 57° है। ∠AEB की माप कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 71° |
| | ✗ B. 68° |
| | ✗ C. 62° |
| | ✓ D. 76° |

| Q.45 | शार्पनर के एक बॉक्स का क्रय मूल्य ₹2,400 है। दुकानदार ने क्रय मूल्य पर 41% की छूट दी। विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1,494 |
| | ✗ B. 1,242 |
| | ✓ C. 1,416 |
| | ✗ D. 1,496 |

| Q.46 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। सलिल ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद सलिल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 49,800 |
| | ✓ B. 48,300 |
| | ✗ C. 47,800 |
| | ✗ D. 49,300 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | $\frac{(x^4-1)(x^2+x+1)}{(x^3-1)(x^2+1)}$ का सरीकृत मान ज्ञात करें। |
| Ans | ✗ A. $x^2+1$ |
| | ✗ B. $x^2-1$ |
| | ✓ C. $x+1$ |
| | ✗ D. $x-1$ |

| | |
|---|---|
| Q.48 | एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 96 पृष्ठ टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 1925 |
| | ✓ B. 1920 |
| | ✗ C. 1910 |
| | ✗ D. 1930 |

| | |
|---|---|
| Q.49 | A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 24 और 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का दोगुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✓ C. 4 |
| | ✗ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | यदि A और 112 का माध्यानुपाती 28 है, तो A का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✓ C. 7 |
| | ✗ D. 6 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| | |
|---|---|
| Q.51 | एक निश्चित तरीके से GM 14 का संबंध EJ 16 से है। उसी प्रकार, KQ 22 का संबंध IN 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OU 27 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✓ A. MR 29 |
| | ✗ B. QT 29 |
| | ✗ C. PR 29 |
| | ✗ D. PT 28 |

| | |
|---|---|
| Q.52 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>1, 3, 16, 5, 7, 144, 9, 11,? |
| Ans | ✗ A. 169 |
| | ✗ B. 324 |
| | ✓ C. 400 |
| | ✗ D. 196 |

| | |
|---|---|
| Q.53 | संख्या 2134567 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा? |
| Ans | ✓ A. 8 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 7 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.54 | निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, कौन-सा अक्षर-समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>IXB GWE EVH CUK ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ASM |
| | ✗ B. BTM |
| | ✗ C. BSN |
| | ✓ D. ATN |

| Q.55 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर E बैठा है। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। B का निकटतम पड़ोसी C नहीं है। A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। यदि सभी व्यक्तियों को A (A को शामिल करते हुए) से शुरू करके अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में दक्षिणावर्त दिशा में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. दो |
| | ✗ D. चार |

| Q.56 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(9, 31, 26)<br>(13, 43, 38) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (20, 56, 51) |
| | ✗ B. (14, 38, 33) |
| | ✗ C. (12, 32, 27) |
| | ✓ D. (15 ,49 ,44) |

| Q.57 | किसी कक्षा में सभी 37 विद्यार्थी एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। निशा बाएँ छोर से 13वें स्थान पर है जबकि मानसा दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। निशा और मानसा के बीच कितने लोग खड़े हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 7 |
| | ✓ D. 9 |

| Q.58 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 5 2 8 7 4 6 2 5 1 4 9 8 2 6 8 4 1 6 7 3 4 5 2 4 7 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. तीन से अधिक |
| | ✓ D. तीन |

| Q.59 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'he fix gadgets' को 'pd rt ds' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'fix this pen' को 'nq uz pd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'fix' को कैसे कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. nq |
| | ✗ B. uz |
| | ✓ C. pd |
| | ✗ D. ds |

| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. PSU |
| | ✗ B. HKM |
| | ✓ C. XBC |
| | ✗ D. JMO |

| Q.61 | छह छात्र, S1, S2, S3, S4, S5 और S6, एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S5 और S2 दोनों के पड़ोस में छात्र S6 बैठा है। S1 और S3 एक-दूसरे के पड़ोस में बैठे हैं। S2 और S3 का उभयनिष्ठ पड़ोसी S4 है। S4 के दाईं ओर दूसरे स्थान पर S1 है। निम्नलिखित में से कौन S1 के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. S2 |
| | ✗ B. S6 |
| | ✗ C. S3 |
| | ✓ D. S4 |

| Q.62 | संख्या 2175684 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. एक |
| | ✓ D. दो |

| Q.63 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी वृक्ष, झाड़ी हैं।<br>सभी झाड़ी, शाक हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ शाक, झाड़ी हैं।<br>(II): सभी वृक्ष, शाक हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.64 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में E बैठा है। D के बाईं ओर चौथे स्थान पर F बैठा है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर A बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BA |
| | ✓ B. FE |
| | ✗ C. CB |
| | ✗ D. AD |

| Q.65 | जितेन, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 28 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 71 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 69 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 44 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 51 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 27 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?<br><br>(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 48 km, उत्तर की ओर |
| | ✗ B. 49 km, दक्षिण की ओर |
| | ✗ C. 44 km, दक्षिण की ओर |
| | ✓ D. 46 km, उत्तर की ओर |

| Q.66 | IJ 8 का संबंध एक निश्चित तरीके से KE −1 से है। इसी प्रकार, TP 3 का संबंध VK −6 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PQ 12 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. RL 3 |
| | ✗ B. SK 5 |
| | ✗ C. SL 5 |
| | ✗ D. RK 3 |

| Q.67 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>721 723 727 733 741 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 748 |
| | ✗ B. 753 |
| | ✓ C. 751 |
| | ✗ D. 749 |

| Q.68 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'students are learning' को 'ab mn pq' और 'learning is fun' को 'st mn xy' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'learning' को किस प्रकार लिखा जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. st |
| | ✗ B. xy |
| | ✓ C. mn |
| | ✗ D. ab |

| Q.69 | देवेश बिंदु Y से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 21 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 25 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 67 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 29 km गाड़ी चलाता है। वह दाएं मुड़ता है, 46 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है, 41 km गाड़ी चलाकर बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर की ओर 91 km |
| | ✓ B. दक्षिण की ओर 95 km |
| | ✗ C. दक्षिण की ओर 93 km |
| | ✗ D. दक्षिण की ओर 97 km |

| Q.70 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>131 102 73 44 15 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. −11 |
| | ✗ B. −13 |
| | ✗ C. −10 |
| | ✓ D. −14 |

| Q.71 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. IM-PK |
| | ✗ B. CG-JD |
| | ✗ C. EI-LF |
| | ✗ D. GK-NH |

| Q.72 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>JHK−IGJ<br>LJM−KIL |
|---|---|
| Ans | ✗ A. DBE−BAC |
| | ✗ B. DAC−CAD |
| | ✗ C. DAC−BZC |
| | ✓ D. DBE−CAD |

| Q.73 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>P + Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है',<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है',<br>और P % Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'।<br><br>यदि 'G & H % I & T # S' है, तो G का S से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. माता की माता |
| | ✗ B. माता का भाई |
| | ✗ C. पिता का भाई |
| | ✓ D. पिता की बहन |

| Q.74 | निम्नलिखित शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>OSW 24, GKO 35, YCG 46, QUY 57, IMQ 68, ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. AEI 79 |
| | ✗ B. AIE 79 |
| | ✗ C. AEI 78 |
| | ✗ D. AOI 79 |

| Q.75 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय वाली संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 1 5 3 7 2 8 4 9 6 1 3 7 5 4 2 8 9 6 3 7 1 5 4 9 8 2 6 (दाएं)<br><br>दी गई श्रृंखला में पूर्ण घन कितनी बार आया है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. छह |
| | ✘ B. सात |
| | ✘ C. ग्यारह |
| | ✘ D. नौ |

| Q.76 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 2 8 + 7 5 > 9 2 @ 3 = 4 6 % 3 & 8 4 % 9 1 8 3 # 7 6 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. चार |
| | ✘ B. एक |
| | ✘ C. तीन |
| | ✔ D. दो |

| Q.77 | निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 8 1 3 4 3 5 1 8 1 9 1 2 7 1 5 8 9 7 3 8 8 2 3 3 2 1 2 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 4 |
| | ✔ B. 5 |
| | ✘ C. 6 |
| | ✘ D. 7 |

| Q.78 | किसी कक्षा के सभी 30 विद्यार्थी एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। अरुण दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है जबकि हरीश बाएँ छोर से 8वें स्थान पर है। अरुण और हरीश के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 14 |
| | ✘ B. 17 |
| | ✔ C. 15 |
| | ✘ D. 13 |

| Q.79 | यदि संख्या 4635923 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरे तथा दायीं ओर से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 10 |
| | ✘ B. 9 |
| | ✘ C. 8 |
| | ✘ D. 7 |

| Q.80 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>**कथन:**<br>कुछ सड़क, पंखा हैं।<br>कोई पंखा, कार नहीं है।<br><br>**निष्कर्ष:**<br>(I) कुछ सड़क, कार हैं।<br>(II) कुछ पंखा, सड़क हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

## Section : General Awareness and Current Affairs

| Q.81 | ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा फरवरी 2025 में जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2024 (Corruption Perceptions Index 2024) में किस देश को सबसे कम भ्रष्ट बताया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. स्विट्ज़रलैंड |
| | ✓ B. डेनमार्क |
| | ✗ C. फिनलैंड |
| | ✗ D. सिंगापुर |

| Q.82 | 2023 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में वन्यजीव अभयारण्यों की संख्या सर्वाधिक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पश्चिम बंगाल |
| | ✓ B. अंडमान और निकोबार |
| | ✗ C. उत्तर प्रदेश |
| | ✗ D. केरल |

| Q.83 | देहरादून राष्ट्रीय खेल, 2025 (Dehradun National Games, 2025) में बिंद्यारानी देवी ने किस स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. स्नैच (महिलाओं का 55 kg) |
| | ✗ B. स्नैच (महिलाओं का 49 kg) |
| | ✗ C. क्लीन एंड जर्क (महिलाओं का 55 kg) |
| | ✗ D. टोटल लिफ्ट (महिलाओं का 55 kg) |

| Q.84 | निम्नलिखित में से किस बैंक ने जनवरी 2025 में अनिवासी भारतीयों (NRI) के लिए TAB-आधारित डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया शुरू की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ICICI बैंक |
| | ✗ B. HDFC बैंक |
| | ✗ C. पंजाब नेशनल बैंक |
| | ✓ D. भारतीय स्टेट बैंक |

| Q.85 | जून 2025 में, भाषिणी (Bhashini) ने यात्री प्लेटफार्मों पर वास्तविक-समय अनुवाद (real-time translation) को एकीकृत करने के लिए किस सरकारी संस्था के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| | ✓ B. रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र |
| | ✗ C. गृह मंत्रालय |
| | ✗ D. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण |

| | |
|---|---|
| Q.86 | जून 2025 में ₹2.5 लाख से कम के ऋण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित नया ऋण-से-मूल्य (LTV) अनुपात कितना है? |
| Ans | ✗ A. 75% |
| | ✗ B. 70% |
| | ✗ C. 80% |
| | ✓ D. 85% |

| | |
|---|---|
| Q.87 | भारत के किस प्राधिकरण ने, दक्षिण एशियाई दूरसंचार नियामक परिषद (SATRC-25) की 25वीं बैठक की मेज़बानी की? |
| Ans | ✓ A. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण |
| | ✗ B. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र |
| | ✗ C. दूरसंचार विभाग |
| | ✗ D. संचार मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.88 | निम्नलिखित में से कौन सा देश मई 2025 में नेशनल डेवलपमेंट बैंक (National Development Bank) का सदस्य बन गया? |
| Ans | ✗ A. संयुक्त अरब अमीरात |
| | ✗ B. मिस्र |
| | ✗ C. बांग्लादेश |
| | ✓ D. अल्जीरिया |

| | |
|---|---|
| Q.89 | जनवरी 2025 में, किस शहर में एक नाव के पलट जाने के बाद NDRF ने बचाव अभियान शुरू किया था? |
| Ans | ✗ A. पटना |
| | ✗ B. नासिक |
| | ✗ C. उज्जैन |
| | ✓ D. वाराणसी |

| | |
|---|---|
| Q.90 | जनवरी 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में किस विशिष्ट पैरा-एथलीट को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया? |
| Ans | ✗ A. निषाद कुमार |
| | ✗ B. प्रीति पाल |
| | ✗ C. देवेंद्र झाझरिया |
| | ✓ D. प्रवीण कुमार |

| | |
|---|---|
| Q.91 | आदि कर्मयोगी (Aadi KARMAYOGI) पहल का लक्ष्य उत्तरदायी शासन के लिए कितने जनजातीय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और ग्राम-स्तरीय परिवर्तन नेताओं (leaders) का निर्माण करना है? |
| Ans | ✗ A. 25 लाख |
| | ✓ B. 20 लाख |
| | ✗ C. 10 लाख |
| | ✗ D. 15 लाख |

| | |
|---|---|
| Q.92 | 12 मई 2025 को ब्रुसेल्स में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता का कौन सा दौर शुरू हुआ? |
| Ans | ✗ A. 13वीं |
| | ✗ B. 9वीं |
| | ✗ C. 7वीं |
| | ✓ D. 11वीं |

| Q.93 | जून 2025 में, किस निर्देशक ने कुर्सियांग में टॉय-ट्रेन के डिब्बों को स्क्रीनिंग वेन्यू में परिवर्तित करके सिनेमा को एक नया रूप दिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गिरिजा देवी |
| | ✓ B. ऋषव चौधरी |
| | ✗ C. रोहित शेट्टी |
| | ✗ D. रविशंकर |

| Q.94 | ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अभ्यास ऑस्ट्राहिंद 2025 (AUSTRAHIND 2025) के चौथे संस्करण में भाग लेने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी की कमान ______ की एक बटालियन द्वारा की गई थी। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सिख रेजिमेंट |
| | ✓ B. गोरखा राइफल्स |
| | ✗ C. मद्रास रेजिमेंट |
| | ✗ D. राजपूत रेजिमेंट |

| Q.95 | जुलाई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक के कोलार जिले की एक महिला में पाए गए नए अति-दुर्लभ रक्त प्रतिजन का नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. CROB |
| | ✗ B. BRIB |
| | ✗ C. CRAB |
| | ✓ D. CRIB |

| Q.96 | भारतीय रेलवे ने जून 2025 में अपने कर्मचारियों के लिए किसी भी बीमा प्रीमियम का भुगतान किए बिना कितनी दुर्घटना मुआवजे की घोषणा की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹1.5 करोड़ |
| | ✓ B. ₹1 करोड़ |
| | ✗ C. ₹25 लाख |
| | ✗ D. ₹50 लाख |

| Q.97 | इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला पैरा तैराक और अनुकूली प्रदर्शन के लिए वर्ल्ड ओपन वॉटर स्विमिंग एसोसिएशन (WOWSA) पुरस्कार, 2024 की प्राप्तकर्ता कौन है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्राची यादव |
| | ✗ B. दीपा मलिक |
| | ✓ C. जिया राय |
| | ✗ D. देवांशी सतीजा |

| Q.98 | 2025 में लाइव शतरंज रेटिंग में विश्व नंबर 1 रैंक प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी कौन बने? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. डी. गुकेश (D Gukesh) |
| | ✗ B. अर्जुन एरिगैसी (Arjun Erigaisi) |
| | ✓ C. आर. प्रज्ञानानंदा (R Praggnanandhaa) |
| | ✗ D. विश्वनाथन आनंद (Viswanathan Anand) |

| Q.99 | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, भारतीय युवाओं को "मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" विनिर्माण हेतु आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ कितने राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र (National Centres of Excellence for Skilling) स्थापित किए जाने हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✓ D. 5 |

| Q.100 | अप्रैल 2025 में अधिसूचित, निम्नलिखित में से किस संस्थान के शोध अध्ययन से पता चला है कि सतही ओजोन भारत की खाद्य फसलों के लिए शांत खतरा (silently threatening) बन रही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर |
| | ✗ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई |
| | ✗ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली |
| | ✓ D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर |

"